# मंडी में फड़ की राशि बंद करने पर बनी सहमति

**खास बातें**

- मंडी में डाक तुलाई की दरें निर्धारित करने सहित कई मुद्दों पर हुई चर्चा
- एसडीएम ने मंडी में व्यवस्थाएं बनाए रखने के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 18 मार्च, कृषि उपज मंडी में डाक तुलाई की दरें निर्धारित करने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एसडीएम एवं मंडी भारसाधक अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा की मौजूदगी में व्यापारियों, हम्मालों, तुलावटों एवं किसान प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में आगामी वर्षों के लिए मंडी में डाक तुलाई की दरें निर्धारित करने के संबंध में चर्चा हुई. जानकारी के अनुसार मंडी में दो वर्ष के लिये हम्माली, तुलाई की दरें निर्धारित की जाती है. इस बार 31 मार्च तक के लिए यह दरें निर्धारित है. बैठक में आगामी वर्षों के लिए डाक तुलाई की दरें निर्धारित करने के संबंध में व्यापारियों, हम्मालों, तुलावटों एवं किसान प्रतिनिधियों ने पक्ष रखा. इस दौरान हम्माल, तुलावट की ओर से दरें बढ़ाने की बात कही गई. जबकि किसान प्रतिनिधियों द्वारा मंडी में जिंसों की तौल धर्मकांटे पर होने पर उनकी मजदूरी किसानों से ना लिये जाने की बात कही गई. इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी द्वारा व्यापारियों, किसानों, हम्मालों, तुलावटों के प्रतिनिधियों से जानकारी ली गई. बैठक में मंडी में डाक तुलाई की दरें फिलहाल यथावत रखने पर सहमति बनी. साथ ही इस संबंध में मंडी बोर्ड को पत्र लिखकर मार्गदर्शन लिये जाने का निर्णय किया गया. बैठक में मंडी में सभी जिंसों की तुलाई क्विंटल से होने पर भी सहमति बनी. साथ ही क्विंटल के हिसाब से हम्माली लेने की बात कही गई. बैठक में कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिलाध्यक्ष मोहन रघुवंशी द्वारा फड के नाम पर किसानों से ली जा रही राशि किसानों से ना लिये जाने की बात कही गई. जिसपर बैठक में किसानों से प्रति ट्राली ली जाने वाली फड की राशि बंद किये जाने पर भी सहमति बनी.

बैठक में कृषक प्रतिनिधि सुरेंद्र रघुवंशी कहा कि पूर्व की बैठकों में भी मंडी में तुलावटों के नेम प्लेट लगाकर मौजूद रहने पर चर्चा की गई थी. लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है. मंडी में तुलावट बिना नेमप्लेट के मौजूद रहते हैं. जिससे मंडी में जब भी कोई मामला सामने आता है, तो तुलावटों की पहचान नहीं हो पाती है. जिसपर अनुविभागीय अधिकारी ने मंडी में सभी तुलावटों के नेम प्लेट लगाकर मौजूद रहने के निर्देश दिये. थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष समीर भार्गव ने मंडी व्यापारियों का पक्ष रखा. बैठक में अनुविभागीय अधिकारी ने मंडी में किसानों, व्यापारियों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए. साथ ही मंडी में प्याऊ आदि को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए. बैठक में मंडी की समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई. इस मौके पर मंडी सचिव, थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के व्यापारी, हम्माल, तुलावट संघ के प्रतिनिधि, किसान प्रतिनिधि, मंडी के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे.

# मंदिर निर्माण अधूरा रहने से प्रदीप मिश्रा की कथा स्थगित, नई तिथि जल्द तय होगी

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 18 मार्च, समीपस्थ ग्राम हथोड़ा के श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर का निर्माण शिव महापुराण कथा के आयोजन तिथि तक पूरा न होने के चलते स्थगित कर दी गई है. यह कथा मंदिर के समीप 8 से 14 मई तक आयोजित होना थी. शिव महापुराण की कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा किया जाना प्रस्तावित था. लेकिन कथा के आयोजन की तिथि तक मंदिर निर्माण कार्य समय पर पूर्ण न हो पाने के कारण फिलहाल स्थगित कर दी गई है.**

हथोड़ा बालाजी हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित राजा महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में 12 ज्योतिर्लिंग की प्राण प्रतिष्ठा भी प्रस्तावित थी, लेकिन निर्माण कार्य को अंतिम रूप देने में लगे कारीगरों की पारिवारिक समस्याओं के कारणों से कार्य में व्यवधान आया, जिससे निर्धारित समय तक निर्माण पूर्ण होना संभव नहीं हो पा रहा है. प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य पंडित केशव शास्त्री ने बताया कि ऐसी स्थिति में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कथा को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है. आयोजन समिति से जुड़े देवेंद्र वर्मा, योगेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, देवेंद्र रघुवंशी, दिलीप सिंह रघुवंशी, सीताराम रघुवंशी, राकेश रघुवंशी, राजेश व प्रीतम बबलू रघुवंशी सहित अन्य सदस्य बुधवार को कुबेरेश्वर धाम, सीहोर पहुंच. यहां उन्होंने विठलेश्वर सेवा समिति को मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया. आयोजन समिति ने बताया कि कथा के लिए करीब 5 माह पूर्व सहमति प्राप्त कर ली गई थी और तैयारियां भी अंतिम चरण में थीं, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा रहने से आयोजन करना उचित नहीं समझा. वहीं, विठलेश्वर सेवा समिति, कुबेरेश्वर धाम ने भी स्थिति को समझते हुए सहयोगात्मक रुख अपनाया और आयोजन से संबंधित जमा की गई राशि 5 लाख रुप हथोड़ा आयोजन समिति को वापस कर दी. दोनों पक्षों ने कहा कि मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद ही कथा एवं 12 ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा. इसके लिए आगामी समय में नई तिथि तय कर श्रद्धालुओं को सूचना दी जाएगी.

## एक नजर में

### नवसंवत्सर व नवरात्रि पर विशाल मोटर साइकिल रैली का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** गुड़ी पड़वा, वर्ष प्रतिपदा एवं नवरात्रि के प्रथम दिवस के अवसर पर दिनांक 19 मार्च, गुरुवार को शाम 4 बजे विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा.यह रैली स्थानीय रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर माधवगंज चौक तक निकाली जाएगी, जिसका आयोजन जन चेतना मंच के तत्वावधान में किया जा रहा है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी शामिल होंगे, जो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. उद्बोधन के पश्चात वे खुली जीप में सवार होकर रैली में सहभागिता करेंगे.इस आयोजन में जन चेतना मंच के संस्थापक पूर्व वित्त मंत्री राघव जी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्याम सिंह गुर्जर एवं महामंत्री नर नारायण शर्मा भी उपस्थित रहेंगे.

# नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 100 से अधिक मरीजों की जांच



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, मिल रोड स्थित सद्गुरुदेव विजन सेंटर पर प्रति मंगलवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से संचालित हो रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हो रहे हैं.**

शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा द्वारा लगभग 100 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गई.नेत्र सेवियों जगदीश अग्रवाल एवं हेमंत भंडारी ने भी मरीजों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए.इस दौरान मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी एवं समाजसेवियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया.शिविर में 15 मरीजों को मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया, जबकि 17 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए.

# नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनी रजत जयंती

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, नगर के नौ देवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती समारोह के तहत परम पूज्य कृष्णा मां की रसमयी वाणी से सप्त दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का आयोजन किया गया है.**

कृष्णा मां ने अनेक कथाओं और कहानियों से समझाते हुए कहा कि महाभारत युद्ध के दौरान जब कर्ण अपना शरीर छोड़ने लगा तब यमराज उन्हें लेने आए. इस समय भगवान सूर्य और इंद्रदेव ने कहा कि करण यमराज के साथ नहीं जाएंगे.क्योंकि कारण महान दानवीर पुरुष हैं.भगवान सूर्य और इंद्र के कहने पर उन्हें स्वर्ग ले जाया गया. वहां उन्हें सब कुछ मिला सोना, चांदी, हीरे, जावरात,



मोती, दिए गए. पर उन्हें बहुत दिनों तक भोजन नहीं दिया गया.तब बताया गया कि आपने जो दान पूर्ण किया है वही आपको मिल रहा है. यह सुनने के बाद कर्ण ने भगवान से प्रार्थना कर कहा कि मुझे पुनः मृत्यु लोक में जाना चाहता हूं.तब जाकर करण को 14 दिन के लिए मृत्यु लोग भेजा गया. जिन्हें हम सभी श्राद्धों के दिनों से जानते हैं.कर्ण ने मृत्यु लोक में आकर 14 दिन दिनों तक ब्राह्मणों को भोजन कराएं.और 16 दिनों के बाद स्वर्ग में चले गए. खाने का मतलब यह है कि हम सभी को भी सब कुछ भगवान के चरणों में समर्पण कर देना चाहिए.आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव की कलश यात्रा एवं द्वितीय दिवस के मुख्य जिजवान श्रीमती चंदा संतोष सिंह रघुवंशी, सरपंच, लमनया परिवार रहा.

# गाली गलौच कर अपशब्द बोलने वाले आरोपी को 6 माह सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, न्यायालय अम्बुज श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा ने अपने निर्णय 17.03.2026 में गाली गलौच कर अपशब्द बोलने वाले आरोपी खिलना सिंह उम्र- 67 वर्ष निवासी- ग्राम ब्यौचीं चैराहा के पास थाना करारिया जिला विदिशा को धारा 353 भादवि में 06माह सश्रम कारावास से दण्डित किया गया. उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी साकेत गोयल द्वारा की गई.**

अभियोजन का मामला यह है कि 05.01.2019 को बिजली विभाग विदिशा के प्रबंधक द्वारा एक लेखीय आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि दिनांक 05.01.2019 को समय लगभग1:00 पीएम पर उसके द्वारा ग्राम ब्यौंची में सौभाग्य योजना के अंतर्गत ट्रान्सफार्मर कर निरीक्षण ठेकेदार विवेक सिंह तोमर के सुपरवाईजर अभिषेक प्रजापति के साथ निरीक्षण हेतु गया था उसी दौरान आरोपी खिलान सिंह द्वारा उसे गाली-गलौच की गई एवं कहा गया कि तुझे जूता से मारूंगा, तू एक चोर है जैसे घटिया अपशब्द कहा एवं सबके सामने उसे मारने हेतु हाथ भी लगाया धक्का भी दिया एवं कहा कि हम लोग अंधेरे में रहेंगे एवं कार्य नहीं होने देंगे. उक्त लिखित रिपोर्ट के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई.पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेष किया गया.सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा उपरोक्तानुसार सजा सुनाई गई.

# प्रस्फुटन समितियों ने क्षमतावर्धन प्रशिक्षण दिया

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वार चयनित नवांकुर संस्था ग्राम मथुरापुर शानवी मानव उत्थान सेवा समिति एवं जिला सवन्वयक पूजा श्रीवास्तव, ब्लॉक सवन्वयक आशीष जैन, मेंटर्स संदेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में पठारी सेक्टर में उल्लेखनीय कार्य लगातार किये जा रहे है.इसी क्रम में ग्राम पंचयात भवन पठारी में प्रस्फुटन समितियों का गुणवत्ता पूर्ण एवं क्षमतावर्धन प्रक्षिशण दिया गया.यह कार्यक्रम क्रमबध्य तरीके से संचालित किया गया.**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी, विशेष अथिति शिक्षक होशियार सिंह यादव उपस्थित रहे.कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर किया गया द्य इसके बाद सभी अथितियों का पुष्पमाला एवं शिक्षा का प्रतिक कलम भेट कर स्वागत किया गया.आयोजक संस्था प्रमुख्य जीवन सिंह ने कार्यक्रम का उदेश्य बताया की यह कार्यक्रम ग्राम स्तर पर कार्यरत प्रस्फुटन समितियों का कार्य क्षमतावर्धन प्रशिक्षण हैं.जिससे वे ग्राम स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण, कार्य कर सके, शासन प्रशासन का सहयोग, स्थानीय जन समस्याओं का स्थानीय स्थान पर समाधान कर सके द्य इसके साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पौधारोपण जैविक खेती, औषधीय खेती, पर्यावरण मित्र बनने की बात कही और स्थानीय समाजसेवी, भारत देश के सच्चे सेवक रिटार्ड सम्मानीय लोगो का सम्मान करना हमारा मुख्य उद्देश्य हैं.प्रक्षिशण के बाद नवांकुर सखियों, प्रस्फुटन समितियों, उच्च शिक्षाविद युवक युवतियों, महिलाओं का अथितियों के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। प्रतिनिधि अखिलेश पंथी ने शिक्षा जगत में एक नई पहल की हैं उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में विद्यार्थीओ के लिए पुस्तकालय के नये द्वार खोले कई किताबे पढ़ने के लिए वितरण भी की गई.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

## प्रेस क्लब चुनाव की गतिविधियां तेज

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**, प्रेस क्लब के चुनाव लंबे समय से नहीं हुए हैं.प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े एंकर और पत्रकार सभी सदस्यता ले चुके हैं.

## नि :शुल्क दिखाई बच्चियों को केरल स्टोरी-2

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा स्थानीय मुस्कान टॉकीज में शहर की स्कूली छात्राओं और महिला मंडल की सदस्यों को फिल्म केरल स्टोरी 2 टॉकीज में दिखाई गई.जिसमें बच्चों को खास तौर से बच्चियों के प्रति फिल्म दिखाने का उनका मूल उद्देश्य रहा है.करीब 200 से अधिक स्कूली छात्राएं एवं अन्य छात्राओं को फिल्म दिखाकर उन्हें मार्ग दर्शन किया.

**योजना** 125 लाख की योजना तय समय से 3 साल लेट, पाइप लाइन बिछी पर जलापूर्ति का सपना अधूरा

# 6 साल बाद भी अधूरी जल संवर्धन योजना, पानी का संकट

**नवभारत न्यूज**

**सांची,ऐतिहासिक नगरी सांची में पेयजल संकट दूर करने के लिए शुरू की गई जलसंवर्धन योजना 6 साल बाद भी अधूरी पड़ी है.वर्ष 2020 में 125 लाख रुपये की लागत से शुरू हुई यह योजना अब तक धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर पाई, जिससे नगरवासियों को आज भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है.**



जानकारी के अनुसार, योजना को 24 घंटे जलापूर्ति के उद्देश्य से 4 अगस्त 2020 को शुरू किया गया था और 30 सितंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य तय था.लेकिन समयसीमा बीतने के तीन साल बाद भी काम अधूरा है. हर गर्मी में जलस्तर गिरते ही लोगों की उम्मीदें जागती हैं, लेकिन योजना की धीमी प्रगति निराशा में बदल जाती है.योजना का जिम्मा नगरीय विकास एवं आवास विभाग की एजेंसी द्वारा लिया गया था. पाइपलाइन बिछाने के नाम पर नगर की कई पक्की सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं हो सकी है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है.सीवेज प्लांट का काम भी इसी एजेंसी के पास है, जो अब तक अधूरा है. वाटर प्लांट के निर्माण में स्थान को लेकर विवाद सामने आया—पहले इसे एक स्थान से हटाकर काछी कानाखेड़ा ले जाया गया, लेकिन अब वहां से भी हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है ऐसे में योजना की उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं.कंपनी की प्रभारी अधिकारी मेघना विजयवर्गीय का कहना है कि विभिन्न विभागों से अनुमति मिलने में देरी और स्थानीय स्तर पर सहयोग न मिलने के कारण काम प्रभावित हुआ है. हालांकि, दो पानी की टंकियां बन चुकी हैं और पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी है, जिनसे फिलहाल जलापूर्ति की जा रही है.नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने बताया कि कंपनी कई बार काम पूरा करने का आश्वासन दे चुकी है, लेकिन स्थिति जस की तस है.परिषद को जलापूर्ति के लिए भारी बिजली बिल का भुगतान करना पड़ रहा है, जिससे कर्मचारियों के वेतन तक प्रभावित हो रहे हैं. वहीं, परिषद की बैठकों में भी कंपनी के अधिकारीयो को कार्य पूर्ण करने मे आ रही समस्या के लिए एवं परिषद को कार्य पूरा करने के आश्वासन के लिए बुलाया जाता हैं परन्तु वह उपस्थित नहीं होते.सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने बताया कि कंपनी को पत्र जारी कर 31 मार्च तक हर हाल में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं.


